## महत्वपूर्ण एवं खास

### जल जीवन मिशन से महिलाओं की पेयजल संबंधी समस्याओं का हुआ समाधान

**रायगढ़।** जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरो में पेयजल की व्यवस्था टेप नल जल के माध्यम से किया जाना है। जिसके कार्यो की प्रगति एवं समीक्षा के लिए कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियो काल के माध्यम से खरसिया विकासखण्ड के परसखोल पंचायत के हितग्राहियों से चर्चा किए। चर्चा के दौरान हितग्राहियों ने बताया कि जहां पूर्व में उन्हे पीने का पानी लेने के लिए घर से काफी दूर हैण्डपम्प तक लेने जाना पड़ता था, साथ ही घर के अन्य कार्यो जैसे कपड़ा धोना साफ-सफाई, शौचालय आदि के लिए भी पानी लाने में काफी समस्याओं का सामना कराना पड़ता था। जिसमें अधिक परिश्रम के साथ-साथ समय की भी बरबादी होती थी। किन्तु शासन की जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की सुविधा अब उनके अपने घर के द्वार में पहुँचने से उनकी पानी संबंधी सभी समस्याओं का समाधान हो गया है। अब टेप नल जल के माध्यम से पेयजल के साथ-साथ घर के अन्य कार्यो के लिए पानी की समस्याओं का समाधान हो गया है। चर्चा के दौरान कलेक्टर भीम सिंह ने जल संचय संबंधी एवं धारणीय विकास के बारे में हितग्राही से चर्चा की तथा उन्हें जल संचय संबंधी आधारभूत जानकारियॉ बतायी। हितग्राहियों ने जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्टर तथा शासन-प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### विकास सहायक एक पद के लिए 21 दिसम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** जिला खनिज संस्थान न्यास रायगढ़ अंतर्गत विकास सहायक के एक पद (अनारक्षित मुक्त)संविदा भर्ती हेतु आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों का चयन समिति द्वारा परीक्षण कर पात्र व अपात्र सूची तैयार किया गया है। पात्र/अपात्र सूची कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ के सूचना पटल पर प्रकाशित कर दी गई है। जिसमें किसी अभ्यर्थी को आपत्ति होने पर 21 दिसम्बर 2021 तक स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 111 में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। दावा-आपत्ति सूची रायगढ़ के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में भी अपलोड कर दी गई है।

### टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 13 दिसम्बर को

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में खनिज विभाग की टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 13 दिसम्बर 2021 को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की जाएगी।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय : एक रिक्त सीट के लिए 13 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** बालक एकलव्य आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया के कक्षा 7 वीं के एक रिक्त सीट बालक की पूर्ति करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। अभ्यर्थी कक्षा 6 वीं की अंक सूची, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन के साथ 13 दिसम्बर 2021 तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, कार्यालय जिला-रायगढ़ में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है।

# राज्य में रायगढ़ से शुरू हुआ एफसीआई में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने का सिलसिला

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा

» छत्तीसगढ़ राज्य के कोटे का चावल जमा कराने उत्साहित और संकल्पित हैं राज्य के मिलर्स

» 61.65 लाख मैट्रिक टन चावल जमा कराने लक्ष्य को करेंगे पूरा



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में अभी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हुए हफ्ते भर का समय भी नहीं बीता है और राइस मिलर्स छत्तीसगढ़ राज्य के कोटे का चावल एफसीआई में जमा कराने लगे हैं। इसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के मोर मुकुट वाले रायगढ़ जिले से हुई है, जहां सोमवार 6 दिसंबर को आकांक्षा राइस मिल सरिया के संचालक ने एफसीआई रायगढ़ में 290 क्विंटल यानी एक लाट चावल जमा करके इसका श्रीगणेश कर दिया है। संभवतः राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है जब धान खरीदी की शुरूआत के साथ-साथ एफसीआई में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराना भी शुरू हो गया है। एफसीआई में इस साल के कोटे का चावल जमा कराने की रियल टाईम ऑनलाइन एन्ट्री भी हो रही है।

धान खरीदी की शुरुआत के साथ-साथ सोसायटियों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग की शुरुआत दरअसल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल, उनकी दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा है। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राइस मिलर्स एसोसिएशन के साथ हुई दो-दो बैठकों में जिस संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं को सुना और उस पर त्वरित फैसले लिये, उसी समय यह आभास हो गया था, कि राइस मिलर्स इस बार अपनी पूरी क्षमता और उत्साह के साथ कस्टम मिलिंग की जिम्मेदारी पूरी करेंगे।


मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राइस मिलर्स को ऑटो पंजीयन की सुविधाए पुराने बारदाने के मूल्य को 18 रुपये से बढ़ाकर 25 रुपये करने और कस्टम मिलिंग के लिए प्रति क्विंटल राइस मिलर्स को 120 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने जैसे उदार फैसलों ने मिलर्स के उत्साह को दोगुना कर दिया है। छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस उदारता का मान रखने के लिए एकजुट और संकल्पित हैं। हफ्ते भर के भीतर ही एफसीआई में चावल जमा होने की शुरुआत दरअसल मुख्यमंत्री के इसी उदार फैसलों का नतीजा है। राज्य में राइस मिलर्स ने जिस तेजी से धान का उठाव और मिलिंग की शुरुआत की है, इसको देखकर यह लगता है कि एक-दो दिनों में सभी जिलों में एफसीआई गोदाम में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने की तेजी से शुरुआत हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य को इस साल 61.65 लाख मेट्रिक टन अरवा चावल सेंट्रल पूल में देना है। इस लक्ष्य को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राइस मिलर्स से पूरी क्षमता और गुणवत्ता के साथ कस्टम मिलिंग करने और एफसीआई में चावल जमा कराने का आह्वान किया है। उन्होंने रायगढ़ जिले से कस्टम मिलिंग के चावल के जमा होने की शुरुआत पर राज्य के राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों, आकांक्षा राइस मिल के संचालक तथा जिला प्रशासन रायगढ़ के अधिकारियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि आकांक्षा राइस मिल सरिया द्वारा एफसीआई रायगढ़ में जमा कराया गया 290 क्विंटल चावल भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड मिक्स इंडिकेटर टेस्ट एवं अन्य सभी मानकों पर सही पाया गया है।

कलेक्टर से भीम सिंह ने बताया कि रायगढ़ जिले में लगभग 67 राइस मिलर्स एफसीआई में चावल जमा करने की तैयारी में है। आकांक्षा राइस मिल द्वारा लगभग 150 मेट्रिक टन चावल और जमा कराने के लिए मिलिंग पूरी कर ली गई है। दो-तीन दिन में एफसीआई में यह चावल जमा करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव और कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी गई है। अब तक रायगढ़ जिले में 30 हजार 223 मेट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर हुई है। जिसके विरुद्ध 20 हजार 580 मेट्रिक टन धान के उठाव का डी.ओ.जारी कर दिया गया है। मिलर्स तेजी से धान का उठाव करने लगे हैं। अब तक 4 हजार मेट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। आकांक्षा राइस मिल सरिया ने अब तक 258 मेट्रिक टन धान का उठाव किया है।

## गैर इरादतन हत्या का प्रयास सहित तीन मामलों में आरोपी ट्रेलर ड्रायवर गिरफ्तार

» शराब के नशे में ट्रेलर ड्रायवर बालक को ठोंकर मारकर किया घायल, बिजली खम्भों और खड़ी स्कूटी को भी मारा ठोंकर



**रायगढ़।** दिनांक 06/12/2021 के सुबह ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एल 1850 का चालक थाना तमनार अन्तर्गत शराब के नशे में वाहन चलाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार के बाहर 07 साल के बच्चे को ठोंकर मारकर घायल कर दिया और आगे बढ़ते हुए पटनायक मोहल्ला में लगे 06 खंभे एवं तारों को क्षतिग्रस्त कर घर के बाहर खड़ी स्कुटी को भी ठोंकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

मामले में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक एल.पी. पटेल द्वारा पीड़ितों के आवेदन पत्र पर ट्रक ड्रायवर आरोपी राम पासवान पिता सोहराज पासवान उम्र 33 वर्ष निवासी गोरखा थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का प्रयास सहित तीन मामलें क्रमशः 368/2021 धारा 431 आईपीसी 139 विद्युत अधिनियम, अप.क्र. 369/2021 धारा 183, 431 आईपीसीएवं अप.क्र. 370/2021 धारा 370 आईपीसी दर्ज कर सभी मामलों में धारा 185 एमव्ही एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी ट्रक ड्रायवर राम पासवान को आज गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## 20 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी गया जेल

» अवैध शराब प्रतिबंधित करने प्तघरघोड़ा पुलिस लगातार कर रही कार्रवाई



**रायगढ़।** थाना घरघोड़ा क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब परिवहन तथा बिक्री पर रोक लगाने एवं अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त आरोपियों पर कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले के मार्गदर्शन पर जिले में लगातार कार्यवाहियां की जा रही है।

एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना, चौकी प्रभारियों को मुखबिर लगाकर तथा आमजनों को जुआ-सट्टा एवं अवैध शराब की सूचना देने प्रेरित कर कार्रवाही करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में दिनांक 06.12.2021 को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि एक व्यक्ति छर्राटांगर की ओर से महुआ शराब बिक्री के लिए पैदल बैहामुडा की ओर लेकर आ रहा है। तत्काल पुलिस टीम शराब रेड कार्रवाही करने रवाना हुई जिनके द्वारा पंडरीपानी बैहामुडा पास छर्राटांगर जंगल रास्ता में आरोपी कमलेश राठिया पिता कीर्तन राठिया निवासी. बैहामुडा थाना घरघोड़ा को पैदल एक बोरी में शराब लेकर आते हुए पकड़े जिसके पास एक प्लास्टिक बोरी में 20 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत् कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कार्यवाही में निरीक्षक अमित सिंह थाना प्रभारी घरघोड़ा, उपनिरीक्षक एडमोन खेस, सहायक उपनिरीक्षक चंदनसिंह नेताम, आरक्षक नंदु पैंकरा, नरेन्द्र पैंकरा, बीरबल भगत, विरेन्द्र भगत, भानु चंद्रा, संजु टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने झंडा दिवस पर विधायक, कलेक्टर एवं एसपी को लगाया फ्लैग

» सैनिकों के सम्मान व उनके परिवारजनों की सहायता के लिए 7 दिसम्बर को मनाया जाता है झंडा दिवस



**रायगढ़।** आज सशस्त्र झंडा दिवस के मौके पर ही रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, कलेक्टर भीम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा को सेना के रिटायर्ड कमांडर एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अशोक कुमार द्वारा अपने साथियों के साथ उनके कार्यालय पहुंचकर सशस्त्र सेना के झंडे की प्रतिरूप वाला बैच लगाया गया।

कलेक्टर भीम सिंह ने आये हुए रिटायर्ड सैन्य कर्मियों के माध्यम से सेना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस देश के लिए सेना का योगदान अतुलनीय है। सैनिक देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहूति दे देते है उनके प्रति सम्मान प्रकट करने व उनके परिवारजनों की सहायता के लिए झंडा दिवस के रूप में आम जनता के पास एक अवसर होता है।

गौरतलब है कि 7 दिसम्बर 1949 से पूरे भारत में प्रतिवर्ष झंडा दिवस मनाया जाता है जो भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए भारत की जनता से धन संग्रह के प्रति समर्पित एक दिन है। गहरे लाल, नीले और आसमानी रंग की स्टीकर को लगाकर लोगों से उनकी स्वेच्छा अनुसार राशि एकत्रित कर झंडा दिवस कोष में जमा कर दी जाती है। संग्रहित धन का उपयोग युद्ध के दौरान हुई जन हानि, युद्ध में शहीद हुये सैनिकों की विधवाओं, युद्ध के दौरान दिव्यांग सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण एवं सेवा निवृत्त सेनिकों और उनके परिवार के कल्याण के लिए खर्च की जाती है

## व्हीपीआरपी तैयार करने हेतु 13 दिसम्बर तक निविदा आमंत्रित

**रायगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत राज्य मिशन संचालक के द्वारा ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना (व्हीपीआरपी)तैयार किया जाना है। जिसके लिए स्व-सहायता समूह स्तर पर 14 पन्ने का 12 हजार 896 सेट, ग्राम संगठन स्तर पर 24 पन्ने का 961 सेट एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 10 पन्ने का 774 सेट प्रपत्र छपाई किया जाना है। उक्त कार्य हेतु जिला स्तर पर ईच्छुक संस्था से सीलबंद लिफाफा में 13 दिसम्बर 2021 अपरान्ह 3 बजे तक तक सीलबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित किया गया है।

निविदा की नियम व शर्ते कार्यालयीन दिवस व समय पर जिला पंचायत बिहान शाखा में 100 रुपये जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा 13 दिसम्बर को ही संध्या 4.30 बजे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ के कक्ष में खोली जाएगी। जिसमें निविदाकार या उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते है। निर्धारित तिथि/समय पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 9 दिसम्बर को

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 9 दिसम्बर 2021 को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

## थाना छाल अन्तर्गत ग्राम तेदुमुडी और जामपाली के बीच जंगल में सड़क किनारे मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

» छाल पुलिस की हत्या का मामला दर्ज, पुरानी रंजिश पर हत्या की बात आ रही सामने

**रायगढ़।** दिनांक 06/12/2021 को थाना छाल अन्तर्गत ग्राम तेदुमुडी और जामपाली के बीच जंगल रोड़ किनारे अधेड़ व्यक्ति का शव मिला। अज्ञात आरोपी द्वारा पत्थर से मारकर हत्या करना प्रथम दृष्टिया पाये जाने पर छाल पुलिस अज्ञात आरोपी पर हत्या का अपराध दर्ज कर संदेही की पतासाजी की जा रही है।

घटना के संबंध में ग्राम बांसमुडा थाना घरघोडा का रहने वाला अनंतराम राठिया पिता स्व. घासीराम राठिया उम्र 60 वर्ष दिनांक 06.12.21 को थाना छाल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि धान ढुलाई का काम करने बांसमुडा से अपने साले फूल सिह राठिया के घर बगचबा आया था। ट्रेक्टर में डीजल नहीं होने से फूल सिह राठिया अपने मोटर सायकल सीजी13 एजी 2622 हीरो एच.एफ. डीलक्स में डीजल लेने लगभग 11.00 बजे ग्राम चंद्रशेखरपुर ऐडू गया था। डीजल लेकर वापस आ रहा था कि ग्राम तेदुमुडी और जामपाली के बीच जंगल रोड किनारे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फुल सिह राठिया को पत्थर से मारकर हत्या कर दिया था। सड़क किनारे शव पड़ा होने की खबर पाकर घटनास्थल के पास जाकर देखा तो सडक के किनारे दो मोटर सायकल खड़ी थी। एक मोटर सायकल मृतक की थी और एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यूएच 6736 हीरो पैशन प्रो जो टीकाराम राठिया निवासी ग्राम बगचबा, थाना पूंजीपथरा का था। रिपोर्टकर्ता अनंतराम राठिया शंका जताया कि उसके साले फुल सिंह राठिया की हत्या टीका राम राठिया के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर किया गया है।

थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज एवं स्टाफ द्वारा घटनास्थल के पास जंगल की सर्चिंग की गई तथा संदेही टीकाराम राठिया के मिलने के सभी ठिकानों पर दबिश दिया गया जो फरार है। संदेही की गिरफ्तारी के लिए छाल पुलिस छापेमारी कर दबाव बना रही है, थाना स्टाफ एवं मुखबिर लगाये गये हैं।

# जारी टोकन अनुसार प्रतिदिन करें खरीदी पूरी-प्रभारी सचिव निरंजन दास

» प्रभारी सचिव दास ने ली धान खरीदी के संबंध में समीक्षा बैठक

रायगढ़। प्रबंध संचालक छ.ग.राज्य आपूर्ति निगम व सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी)तथा जिले के प्रभारी सचिव निरंजन दास ने रायगढ़ प्रवास के दौरान धान खरीदी के संबंध में सर्किट हाऊस में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर भीम सिंह भी उपस्थित रहे।

प्रभारी सचिव दास ने जिले के खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के आधार पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित करना है। जितने टोकन जारी हो रहे है उतनी खरीदी उस दिन सुनिश्चित की जाए। इसके लिए उन्होंने सुबह खरीदी जल्दी शुरू करने के निर्देश दिए। जिससे शाम तक सभी किसानों के धान की तौलाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जितने भी खरीदी केन्द्रों का उन्होंने निरीक्षण किया है वहां उन्हें व्यवस्था अच्छी है। ऐसी ही व्यवस्था सभी केन्द्रों में होनी चाहिए। उन्होंने बैठक में बारदानों की उपलब्धता पर भी चर्चा की। अधिकारियों से कहा कि किसान बारदाने के साथ ही पीडीएस व मिलर्स बारदाने भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। केन्द्रों में ही बारदाने सिलाई करवाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने धान का उठाव व मिलिंग भी पूरी तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने भंडारण को लेकर भी एफसीआई व नॉन के अधिकारियों से चर्चा की तथा खरीदी को देखते हुए भंडारण के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



प्रभारी सचिव दास ने मोबाइल एटीएम के माध्यम से किसानों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने इसके लिए अपेक्स बैंक के अधिकारी को मोबाइल एटीएम का शेड्यूल तय करने के लिए कहा। जिससे किसानों को इसकी जानकारी पहले से दी जा सके तथा वे एटीएम के माध्यम से अपना भुगतान आसानी से प्राप्त कर सके। इसके साथ ही उन्होंने भुगतान में बैंक सखी का भी सहयोग लेने की बात कही।

इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी जी.पी.राठिया, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुरेन्द्र कुमार गोंड़, जिला प्रबंधक नान आदि नारायण, डीएमओ गुप्ता, सहायक खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह सहित खाद्य विभाग, एफसीआई, नान, मार्कफेड के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अवैध शराब पर कसे लगाम, मिलावट पर करें कार्रवाही-** प्रबंध संचालक छ.ग.राज्य आपूर्ति निगम व सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी)तथा जिले के प्रभारी सचिव निरंजन दास ने रायगढ़ प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में आबकारी विभाग की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आबकारी अधिकारी एवं आरक्षकों को सख्त निर्देश दिए कि सीमावर्ती क्षेत्रों से आने वाले अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाया जाए। जिसके लिए लगातार कार्रवाही के निर्देश दिए। उन्होंने मिलावट पर भी नियमित रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही शराब विक्रय में ओव्हर रेटिंग के मामले न हो यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिस पर सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल ने बताया कि अवैध शराब पर लगातार कार्रवाही की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480